

# छठ पूजा के लिए संतोषी माता तालाब के घाट में तैयारियां पूरी

## महापौर-निगमायुक्त ने छठ तैयारी का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. छठ पूजा को लेकर बिरला रोड संतोषी माता तालाब क्षेत्र में नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर यागेश ताम्रकार और निगमायुक्त शेर सिंह मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया.**

बिरला रोड संतोषी माता मंदिर तालाब क्षेत्र में छठ पूजा के आयोजन को लेकर नगर निगम द्वारा घाट से लेकर मार्ग तक की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित तैयारी पहले से ही शुरु कर दी गई थी. जिसका जायजा लेने के लिए महापौर और निगमायुक्त शनिवार को वहां पहुंचे. निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यह सुनिश्चत किया गया कि छठ पूजा से संबंधित सभ्सी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस दौरान महापौर और निगमायुक्त के साथ पार्षछ सूर्यपाल सिंह, तिलक राज सोनी, पंकज कुशवाहा, नीलंबर झा, आशीष चौरसिया, अतिक्रमण व स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह सहित नगर निगम अमला मौजूद रहा.





### नहाय खाय से प्रारंभ

संतान सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए चार दिनी छठ पर्व का आरंभ शनिवार को नहाए खाए से हो गया. वहीं रविवार की शाम खरना पूजन होगा. सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा. जबकि मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही छठ व्रत का उपवास तोड़ा जाएगा.

### ट्रेनों में नहीं मिली जगह



पिछले एक हफ्ते से बिहार जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है. हलांकि यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनें भी चलाई हैं जिनमें से कुछ सतना से भी गुजर रही हैं. इसके बावजूद छठ पूजा के लिए लौट रहे यात्रियों के कारण स्टेशन में खासी गहमा गहमी देखी जा रही है.



# जेठानी ने देवरानी पर चलाई कुल्हाड़ी

## जिला चिकित्सालय में उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 25 अक्टूबर. जमीनी विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा में जेठानी से कुल्हाड़ी उठाकर देवरानी पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर तौर पर घायल देवरानी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. जहां पर भर्ती कर उनका उपचार जारी है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत लालपुर गांव में मामूली से जमीनी विवाद ने शनिवार को तूल पकड़ लिया. विवाद के चलते रिश्ते के दो भाई और उनका परिवार एक दूसरे के आमने-सामने आ गया. जिसके चलते जेठानी और देवरानी के बीच मारपीट शुरु हो गई. बताया गया कि विवाद के दौरान तमतमाई जेठानी रानी शिवहरे ने अचानक वहां पर रखी कुल्हाड़ी उठा ली और देखते ही देखते देवरानी उमा शिवहरे पर हमला कर दिया. कुल्हाड़ी का घातक वार उमा के पैर में लगा. जिसके चलते वह लहुलहान होकर वहीं गिर पड़ी. आनन-फानन में उमा को उपचार के लिए डायल 112 वाहन द्वारा मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां पर उसकी हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.

गंभीर तौर पर घायल आशा कार्यकर्त्ता उमा का उपचार जिला अस्पताल में जारी है. वहीं पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# दमकल कर्मियों से अपने खेत में काम करवाते हैं फायर अधिकारी

## प्रताड़ित फायरमैन ने निगमायुक्त से की लिखित शिकायत, शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सतना 25 अक्टूबर. अक्सर विवादों में बने रहने वाले नगर निगम के फायर अधिकारी के विरुद्ध एक बार फिर से गंभीर आरोप सामने आए हैं. फायरमैन द्वारा निगमायुक्त से इस बात की लिखित शिकायत की गई है कि फायर अधिकारी द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी देकर दमकल कर्मियों से अपने खेत में काम कराया जाता है. इतना ही नहीं बल्कि ननि की कीमती शासकीय संपत्ति का दुरुयोग अपने निजी कार्यो के लिए करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं.**



नगर निगम की फायर शाखा में मस्टर फायरमैन नीलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा फायर अधिकारी राम प्रसाद सिंह परमार के विरुद्ध शिकायत करते हुए गंभीर आरोप लगाए गए हैं. निगमायुक्त शेर सिंह मीणा के नाम से संबोधित लिखित शिकायत में इस बात की उल्लेख किया गया है कि फायर अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फायर कर्मियों को प्रताड़ित किया जा रहा है. फायर कर्मियों को नौकरी से निकालने की धमकी देकर अपने खेत में काम करवाया जाता है. जिसमें खेत में पानी लगाना, फसल काटना और खेत में बाड़ का निर्माण करने जैसे अन्य कार्य सम्मिलित है. इतना ही नहीं बल्कि दमकल कर्मियों से डेयरी फार्म का काम कराने के साथ-साथ झाड़ू-पोछा और बर्तन धुलने जैसे घरेलू कार्य तक कराए जाते हैं. जो दमकल कर्मी फायर अधिकारी के घर, खेत और डेयरी में काम करते हैं, उन्हें पुरस्कृत करते हुए फायर अधिकारी द्वारा उच्च कुशल श्रेणी का वेतनमान दिलाया जाने लगता है. जबकि ऐसे दमकल कर्मी जो फायर अधिकारी के घरेलू कार्यों में दिलचस्पी न लेते हुए ईमानदारी से केवल ननि में ही अपनी सेवाएं देते हैं, उन्हें 12 वर्ष बीतने के बावजूद अब तक कुशल श्रेणी का वेतनमान भी नहीं दिया गया.

### भूतपूर्व सैनिक हैं फायरमैन

फायरमैन नीलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय सेना में 17 वर्ष 6 माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद 3 वर्ष पहले उन्होंने ननि की फायर शाखा में नौकरी शुरु की. जब तक फायर अधिकारी के आदेशों का सही पालन किया तब तक तो सब ठीक रहा. लेकिन जैसे ही फायर अधिकारी के गलत आदेशों का विरोध करना शुरु किया वैसे ही नौकरी से निकालने की धमकी देकर उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा. इतना ही नहीं बल्कि अपनी गलतियों पर पर्दा डालने की नियत से फायर अधिकारी द्वारा नीलेंद्र को पीएचई फायर स्टेशन से हटाकर नजीराबाद फायर स्टेशन भेज दिया गया.

### जब्त सामग्री का निजी उपयोग

फायरमैन नीलेंद्र के अनुसार फायर अधिकारी आर पी सिंह परमार को जब अतिक्रमण का प्रभार सौंपा गया था तो कार्रवाई के दौरान काफी मात्रा में लोहा, टीना सहित अन्य सामान जब्त किया गया था. जब्त किए गए अधिकांश सामान को फायर अधिकारी द्वारा अपने खेत और डेयरी में उपयोग कर लिया गया. इतना ही नहीं बल्कि फायर अधिकारी द्वारा ननि की जेसीबी, होज पाइप और खासी मात्रा में डीजल का उपयोग अपने फार्म हाउस के लिए किया गया. लिहाजा इस तरह की गंभीर अनियमितता की जांच कराकर फायर अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है.

# चित्रांश युवा महोत्सव आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. कायस्थ समाज के बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर 26. अक्टूबर रविवार को सायं 4 बजे से बूटी बाई के प्रांगण में चित्रांश युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।**

समाज के अध्यक्ष दीपक निगम ने बताया कि, इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। आनन्द कुमार श्रीवास्तव के अनुसार चित्रांश युवा महोत्सव कार्यक्रम में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। सभी चित्रांश बन्धुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील डॉ.डी. के. निगम, विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, रावेन्द्र बब्लू श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, राजीव अर्गल, पवन श्रीवास्तव, प्रदीप निगम, सचिन श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अरविंद निगम, सतीश निगम, अखिलेश निगम, बृजेश पिंकी निगम, ने किया.

# बाइक सवार तस्कर से 1 .2 किलो गांजा बरामद

▶ फरार आरोपी की तलाश जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 25 अक्टूबर. बाइक सवार दो संदिग्धों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचने का प्रयास किया. जिसमें से एक आरोपी तो भाग निकला. जबकि दूसरे आरोपी के पास से 1.2 किलो गांजा बरामद किया गया.**



जिले के सिंहपुर थाना प्रभारी अजय सिंह अहिरवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली कि बाइक सवार दो आरोपी गांजे की तस्करी कर रहे हैं. जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम बिना समय गंवाए बरबारू मोड़ स्थित विद्यालय के पास घेराबंदी कर दी. इस दौरान बाइक सवार दो व्यक्ति उस ओर आते दिखाई दिए. लेकिन पुलिस को देखते ही वे भागने लगे. इस दौरान बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति कूदकर जंगल की ओर भाग गया. जबकि बाइक चला रहे व्यक्ति को पुलिस ने दबोच लिया. पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जीवनलाल लोधी उम्र 57 वर्ष निवासी द्वारी कला के तौर पर हुई. वहीं बाइक की डिग्गी की तलाशी लिए जाने पर मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ. जिसका भार 1.2 किलो और मूल्य 12 हजार रु आंका गया. जिसे देखते हुए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई. जबकि इस मामले में फरार आरोपी चंद्रभान उर्फ बंटा लोधी उम्र 30 वर्ष की तलाश की जा रही है.

# दो पक्षों के विवाद में मारपीट और चाकूबाजी

▶ आरोपियों की पहचान कर तलाश जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. सर्किट हाउस के पास शनिवार शाम दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान एक पक्ष ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें अभिषेक लोधी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।**



घायल अभिषेक लोधी के अनुसार, हमला गगन कोरी निवासी बजरहा टोला और उसके साथियों ने किया। बताया जा रहा है कि गगन कोरी बजरहा टोला क्षेत्र में नशे की गोलियां बेचता है। जब अभिषेक ने उसे इस अवैध काम से मना किया तो आरोपी गुस्से में आकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए।सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी के अनुसार वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। घायल के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की है और सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# वाहन में क्रूरता पूर्वक मवेशियों का परिवहन

▶ पिकअप सहित 13 मवेशी जब्त

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. पशुओं का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले आरोपियो की पिकप सहित 13 नग भैस पडा को मझगवां पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया ।**



थाना प्रभारी मझगवां आदित्य नारायण सिंह धुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुओं को क्रूरता पूर्वक पिकप वाहन में भरकर परिवहन करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने कार्यवाही की। पमरिया बाबा तिराहा बाईपास मझगवां में पिकप वाहन क्रमांक एमपी 19 जेड एम 6583 को चेक किया गया जिसमें 13 नग भैस पडा क्रूरत पूर्वक हाथ पैर मुंह रस्सी से बंधे पाये गए। जिसे देखते हुए आरोपी नीरज कोल पिता लखन उर्फ लखनुआ कोल उम्र 32 साल एवं आरोपी नसीम खान पिता जहीर अहमद उर्फ जादिर उम्र 45 साल दोनों निवासी ग्राम मरवा जैतवारा के कब्जे से पिकप वाहन सहित 13 नग भैस पडा जप्त कर लिया गया। आरोपियो के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## एक नजर में



### लायंस लंगर सेवा में हुआ खिचड़ी वितरण

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयर पर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, पूर्व क्लब प्रेसिडेंट लायन धर्मेंद्र सेन, लायन विनय त्रिपाठी, लायन जितेन्द्र गर्ग ,राजकुमार शर्मा राजू, अरूण प्रताप सिंह अन्नू ,अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय, विनोद गर्ग ,सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं.जगन्नाथ महराज ज एवं साथी उपस्थित रहे ।

### मीना अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



सतना, ।मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा भोपाल द्वारा श्रीमती मीना बंसल को मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की स्वीकृति से महासभा के प्रांतीय प्रमुख सलाहकार सुरेश गोयल एवं प्रमुख परामर्शदाता अजय अग्रवाल द्वारा जारी की गई है।विदित हो कि मीना बंसल पूर्व में भी महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर चुकी है ।

### तिवारी को खगड़िया जिले का जिम्मा



**सतना.** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी के निर्देशन एवं राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के अनुशंसा पर प्रदेशअध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस नेता आशीष तिवारी को बिहार के खगड़यिा जिले में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने हेतु प्रभारी,समन्वयक नियुक्त किया है।

### शंकरलाल तिवारी की स्मृति में उचेहरा में भंडारा




**सतना,** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री ललितांबा शक्ति पीठ, उचेहरा में शनिवार 25 अक्टूबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा सतना के पूर्व विधायक स्वर्गीय शंकर लाल जी तिवारी की स्मृति में आयोजित हुआ, जिनके जनसेवा और सामाजिक कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया और दिवंगत नेता के आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर क्षेत्र के विशिष्ट जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी की स्मृति में हुई शोकसभा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. सतना के पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी की त्रयोदशी सभा शनिवार को उनके निज निवास सुभाष चौक में संपन्न हुई।**



स्वर्गीय तिवारी जी के 12 अक्टूबर को निधन के उपरांत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। हिंदू परंपरा के अनुसार बड़े पुत्र राजनारायण तिवारी ने विधि-विधान से पूजन-पाठ कर दिवंगत आत्मा की मोक्ष प्राप्ति हेतु प्रार्थना की। साथ ही आशीष नारायण तिवारी व पुनीत नारायण तिवारी ने भी श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की। त्रयोदशी कार्यक्रम में प्रदेश और देशभर से आए सैकड़ों राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक गणमान्य व्यक्तियों ने तिवारी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और त्रयोदशी प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. राजेन्द्र सिंह, चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, सिद्धार्थ कुशवाहा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री वीरेंद्र पाण्डेय, पूर्व मंत्री सईद अहमद, पूर्व संगठन मंत्री जीतेंद्र लटोरिया, महापौर योगेश ताम्रकार, भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ इकबाल, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, कल्पना वर्मा, रामावतार त्रिपाठी, पूर्व महापौर पुष्कर सिंह तोमर, राजाराम त्रिपाठी, विमला पाण्डेय आदि शामिल हुए.

## अग्रवाल समाज का नि :शुल्क नेत्र शिविर आज

**सतना, 25 अक्टूबर.** अग्रवाल समाज सतना द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर रविवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर अमृत वाटिका सतना आयोजित हैं।प्रतिमाह होने वाला नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजक एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा।नेत्र शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच कर नजर के चश्मे के नंबर का निर्धारण किया जाएगा.

# विन्ध्य व्यापार मेला-2025 का लांचिग समारोह आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 25 अक्टूबर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला 2025 का लांचिग समारोह दिन रविवार को सतना सांसद गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा सिद्धार्थ कुशवाहा विधायक सतना, योगेश ताम्रकार महापौर सतना के विशिष्ट आतिथ्य में सायं 6:30 बजे स्थानीय मोती महल सेमरिया चौक सतना में आयोजित किया गया हैं।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 11 दिवसीय 12वां विन्ध्य व्यापर मेला 2025 का आयोजन बी.टी.आई ग्राउण्ड रीवा रोड सतना में किया जा रहा है। जिसका रविवार को लांचिग समारोह आयोजित किया गया है। मेले के लांचिग समारोह में मेले की रूपरेखा की जानकारी के साथ ही नक्शे का अनावरण किया जायेगा।कार्यक्रम का समापन प्रीतिभोज के साथ सम्पन्न होगा। मेले के लांचिग समारोह में सभी सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी स्टॉल धारक, उद्योगपति एवं चेम्बर के सभी सदस्यों को चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता, सभी को पधारने का अनुरोध किया है।

# कोठी प्रीमियर लीग सीजन-6 का शुभारंभ, सांसद ने की आयोजकों की सराहना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे सीजन का शानदार शुभारंभ शनिवार को अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम, बस स्टैंड कोठी में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष सुखबंती बाई बुनकर ने की।**



उद्घाटन समारोह में सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आईपीएल की तर्ज पर कोठी में आयोजित यह प्रीमियर लीग अपने छठे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए आयोजकों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, क्रिकेट दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है, और भारतीय खिलाड़ियों ने समय-समय पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।सांसद ने आगे बताया कि वर्ष 2014 के बाद से भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया जैसे बड़े कार्यक्रम शुरू किए हैं। इसके तहत गांव-गांव और शहरों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इसका परिणाम है कि आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश का मान बढा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की गई है, जिसमें ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से 12,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।